# न्यायालय अपर कलेक्टर सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)

प्रकरण कमांक 0070/अ–19(3)/2017–18 ग्राम मिर्जापुर
कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन विभाग सीहोर———————————————आवेदक

विरूद्ध

सर्व साधारण———————————————अनावेदक

## –:संशोधित आदेश:–

(पारित दिनांक 14/12/2020)

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग सीहोर द्वारा **सनकोटा सिंचाई परियोजना** मे प्रभावित वन भूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु 226.960 हेक्टेयर गैर वन भूमि (राजस्व भूमि) वन विभाग को हस्तांतरित करने की मांग की गई थी जिसके संदर्भ मे इस न्यायालय के प्रकरण कमांक 70/अ–19(3)/2017–18 मे पारित आदेश दिनांक 03/08/2018 द्वारा निम्नानुसार गैर वन भूमि वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग को हस्तांतरित की गई है–

| स.क. | ग्राम का नाम | भूमि सर्वे नंबर | कुल रकबा (हेक्टेयर मे) | नोईयत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिर्जापुर | 1/1/1क | 22.800 | जंगल माल पठार |
| 2 | —"— | 14/1 | 3.655 | निस्तार |
| 3 | —"— | 14/2/1 | 17.116 | पठार (उबड खाबड) |
| 4 | —"— | 14/3 | 2.724 | पठार (उबड खाबड) |
| 5 | —"— | 271/1 | 5.221 | जंगल |
| 6 | रूपेटा | 3/1 | 65.000 | बडा झाड का जंगल |
| 7 | —"— | 13 | 50.000 | बडा झाड का जंगल |
| | | योग | 166.516 | |

2– कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग सीहोर द्वारा अवगत कराया गया है कि **मध्यप्रदेश शासन द्वारा सनकोटा सिचाई परियोजना को निरस्त कर दिया गया है** इसलिये ग्राम मिर्जापुर की वन विभाग को उक्त हस्तांतरित भूमि मे से 46.792 हेक्टैयर महादेव बेन्दा सिचाई योजना मे प्रभावित एवं 2.724 हेक्टेयर भूमि अमीरगंज सिचाई परियोजना मे प्रभावित वन भूमि के बदले वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के पक्ष मे हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

3– अतः कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग सीहोर के प्रस्ताव से सहमत होते हुये इस न्यायालय के प्रकरण कमांक 70/अ–19(3)/2017–18 मे पारित आदेश दिनांक 03/08/2018 को संशोधित करते हुये **महादेव बेन्दा सिचाई योजना** मे प्रभावित वन भूमि के बदले ग्राम मिर्जापुर तहसील आष्टा स्थित निम्नानुसार शासकीय भूमि–

| स.क. | ग्राम का नाम | भूमि सर्वे नंबर | कुल रकबा (हेक्टेयर मे) | नोईयत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मिर्जापुर | 1/1/1क | 22.800 | जंगल माल पठार |
| 2 | —"— | 14/1 | 3.655 | निस्तार |
| 3 | —"— | 14/2/1 | 17.116 | पठार (उबड खाबड) |
| 4 | —"— | 271/1 | 5.221 | जंगल |
| | | योग | 48.792 | |

निरन्तर-2

Scanned with CamScanner

प्र०क्र० 70/अ-19(3)/AC/2017-18

तथा अमीरगंज सिंचाई परियोजना में प्रभावित वन भूमि के बदले ग्राम मिर्जापुर तहसील आष्टा स्थित निम्नानुसार शासकीय भूमि–

| स.क्र. | ग्राम का नाम | भूमि सर्वे नंबर | कुल रकवा (हेक्टेयर में) | नोईयत |
|---|---|---|---|---|
| 4 | मिर्जापुर | | | |
| | | 14/3 | 2.724 | पठार (उबड खाबड) |
| | | योग | 2.724 | |

वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरित भूमि यथावत रखी जाता है।

4– चूंकि पैरा–1 में वर्णित शासकीय भूमि सनकोटा सिंचाई परियोजना में प्रभावित वन भूमि के बदले वन विभाग को हस्तांतरित की गई थी और वर्तमान में सनकोटा सिंचाई परियोजना शासन द्वारा निरस्त कर दी गई है इसलिये ग्राम रूपेटा स्थित निम्नानुसार शासकीय भूमि वन विभाग से वापस लेकर पूर्ववत शासकीय दर्ज करने के आदेश दिये जाते है–

| स.क्र. | ग्राम का नाम | भूमि सर्वे नंबर | कुल रकवा (हेक्टेयर में) | नोईयत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रूपेटा | | | |
| 2 | —"— | 3/1 | 65.000 | बडा झाड का जंगल |
| | | 13 | 50.000 | बडा झाड का जंगल |
| | | योग | 115.000 | |

आदेशानुसार शासकीय भू–अभिलेख में प्रविष्टि दुरूस्त की जावे।

अपर कलेक्टर
जिला सीहोर
अपर कलेक्टर
जिला सीहोर (म.प्र.)

पृ०क्र० 678 /रीडर–2/2020

सीहोर, दिनांक 14/12/2020

प्रतिलिपि:–

1– वन मण्डलाधिकारी वन मण्डल सीहोर।

2– कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग सीहोर।

3– अनुविभागीय अधिकारी आष्टा/तहसीलदार आष्टा ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अपर कलेक्टर
जिला सीहोर
अपर कलेक्टर
जिला सीहोर (म.प्र.)

Scanned with CamScanner